# मेरे श्याम प्यारे सभी के सहारे भजन लिरिक्स

मेरे श्याम प्यारे,
सभी के सहारे,
दिया है मुझे भी,
तूने ही नाम,
सच कहूं सांवरे मेरे श्याम,
तेरा मैं गुलाम हो गया,
तेरा मैं गुलाम हो गया,
मेरे श्याम प्यारें।bd।

तर्ज – बाबा ओ बाबा भूलूँ ना।

---

जबसे मिला है तेरा ये द्वारा,
दुनिया मेरी बदल गई है,
बदल गई है ये जिंदगानी,
किस्मत मेरी संवर गई है,
तेरी कृपा का ये तो असर है,
सांवरे बन गए मेरे काम,
तेरा मैं गुलाम हो गया,
तेरा मैं गुलाम हो गया,
मेरे श्याम प्यारें।bd।

---

बनाना तू जाने निभाना तू जाने,
बाबा यूँ तो तेरा शोर है,
यहाँ से वहां तक सब कहते है,
दाता तुमसा ना कोई और है,
कभी ना जहां में वो घबराए,
बाबा रे जिसको भी ले तू थाम,
तेरा मैं गुलाम हो गया,
तेरा मैं गुलाम हो गया,
मेरे श्याम प्यारें।bd।

---

ये मेरी शोहरत तेरी बदौलत,
तुमको ही अर्पण ये जीवन है,
तेरे चरणों की करता हूँ पूजा,
करता रहूँगा तेरा ही सुमिरन,
‘मुकेश शर्मा’ तो पीता है निशदिन,
श्याम को तेरे ही नाम का जाम,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

---

मेरे श्याम प्यारे,
सभी के सहारे,
दिया है मुझे भी,
तूने ही नाम,
सच कहूं सांवरे मेरे श्याम,
तेरा मैं गुलाम हो गया,
तेरा मैं गुलाम हो गया,
मेरे श्याम प्यारें।**bd**।

**Singer – Mukesh Sharma**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com